वर्ष: 13 - अंक : 237, मुंबई, गुरुवार, 9 नवंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.


दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




## मुंबई में अश्लील वीडियो और लाइव स्ट्रीमिंग का पर्दाफाश

### 3 कलाकार गिरफ्तार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई से एक सनसनीखेज खबर सामने आ रही है। वर्सोवा पुलिस ने रविवार को अश्लील वीडियो फिल्माने और लाइव-स्ट्रीमिंग करने के लिए सब्सक्रिप्शन-आधारित ऐप पीहू पर बड़ी कार्रवाई की है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, इसमें 3 कलाकारों को हिरासत में लिया गया है। दरअसल इन कलाकारों के पास ओनलीफैन्स नाम का एक प्लेटफार्म है। यहां प्रशंसक एक लिंक के जरिए भुगतान करने के बाद अश्लील वीडियो देख सकते थे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



## ग्राम पंचायत चुनाव में मिली शिकस्त के बाद एक्शन मोड में उद्धव

### बुलाई बैठक


**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एनसीपी नेता शरद पवार से मंगलवार को डेढ़ घंटे तक हुई मुलाकात के बाद उद्धव ठाकरे एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार यानी 9 नवंबर को मातोश्री में दोपहर 1 बजे के करीब बैठक बुलाई है। ये बैठक काफी अहम हो सकती है। ग्राम पंचायत चुनाव में मिली शिकस्त के बाद उद्धव ने सभी विश्वस्त करीबी नेताओंको बैठकमें बुलाया है। एनसीपी ने बैठक पर सियासी बयान देने से किनारा कर लिया है। ग्राम पंचायत चुनाव में चाचा शरद पवार और उद्धव ठाकरे को भतीजे अजित पवार और शिंदे से कड़ी शिकस्त मिली है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### मुंबई पुलिस ने दर्ज किया महादेव ऐप के मालिकों सहित अन्य के खिलाफ मामला

## अब जांच के दायरे में बॉलीवुड हस्तियां

### कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज हुई शिकायत




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने पहली बार महादेव बेटिंग ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर समेत 31 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मुंबई पुलिस ने जुआ और धोखाधड़ी की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। हालांकि यह मामला महादेव ऐप के बजाय खिलाड़ी एप के खिलाफ दर्ज हुआ है। यह एप भी अवैध सट्टेबाजी चलाने के लिए जाना जाता है। खास बात ये है कि इसके मालिक भी सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ही हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### मुख्य आरोपी अभी भी फरार


**महादेव एप मामले के दो मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल, जो छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले हैं। मनी-लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में वांछित हैं। अब तक ईडी ने रायपुर , भोपाल, मुंबई और कोलकाता में 39 स्थानों की तलाशी ली है। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार उनसे जुड़े 517 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त करने का भी दावा किया गया है।**

### क्या है मुंबई की शिकायत

माटुंगा के प्रकाश बनकर की शिकायत पर माटुंगा पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, 120 (बी) और जुआ अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में साइबर आतंकवाद से जुड़ी धाराएं भी लगाई हैं। मामले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को स्थानांतरित किये जाने की संभावना है। बनकर की शिकायत है कि आरोपी ने खिलाड़ी सट्टेबाजी ऐप का उपयोग करके सरकार और कई अन्य लोगों को 15 हजार करोड़ रुपये का चूना लगाया है। बताया जा रहा है कि आरोपी खिलाड़ी ऐप की मदद से जुआ और अन्य गेम खेलते थे और करोड़ों रुपये कमाते थे।

## नवी मुंबई में देह-व्यापार रैकेट का भंडाफोड़

### 17 वर्षीय लड़की चला रही थी सेक्स रैकेट, बचाई गई 4 महिलाएं



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ठाणे।** महाराष्ट्र पुलिस के एक होटल में 17-वर्षीय लड़की द्वारा कथित तौर पर चलाए जा रहे देह-व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ किया और इस धंधे में धकेली गई चार महिलाओं को बचाया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एपीएमसी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ट के दल ने मंगलवार को वाशी इलाके में स्थित एक होटल में फर्जी ग्राहक भेजकर छापा मारा।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक मोबाइल फोन, एक घड़ी और कुल 84,030 रुपये की नकदी के अलावा डेढ़ लाख रुपये से अधिक मूल्य के जाली नोट भी जब्त किए

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# उफ! बिहार की दुर्दशा, सभी जिम्मेवार

**बिहार** सरकार ने सात नवंबर को विधानमंडल में बिहार की दुर्दशा के दस्तावेज पेश किए। इससे पहले दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर बिहार सरकार ने जाति गणना के आंकड़े जारी किए थे, जिससे पता चला था कि बिहार में 63 फीसदी आबादी पिछड़ी जातियों की है, अनुसूचित जाति की आबादी 20 फीसदी और अनुसूचित जनजाति की आबादी एक फीसदी है, जबकि सवर्ण आबादी सिर्फ साढ़े 15 फीसदी है। इसके बाद सात नवंबर को बिहार सरकार ने इन जातियों की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति के आंकड़े पेश किए, जिससे इन सबकी सामूहिक दुर्दशा का पता चला। भारत सरकार का नीति आयोग बिहार में पिछड़ेपन और गरीबी के जो आंकड़े पिछले अनेक साले से पेश करता आ रहा है उन सबकी पुष्टि बिहार में हुए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों से हो गई है। बिहार हर पैमाने पर देश का सबसे गरीब, पिछड़ा और अनपढ़ राज्य है, यह तथ्य स्थापित हुआ है। बिहार के सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण से पता चला है कि बिहार के 34 फीसदी परिवार की हर स्त्रोत से सामूहिक आय छह हजार रुपए महीने से कम है। इसका मतलब है कि अगर एक परिवार में पांच व्यक्ति हैं तो प्रति व्यक्ति मासिक आय 12 सौ रुपए यानी 40 रुपए रोज है। इसके बाद जो दूसरी श्रेणी है, जिनकी आय छह से 10 हजार के बीच है उनकी संख्या 29 फीसदी से कुछ ज्यादा है। इस श्रेणी के परिवारों की प्रति व्यक्ति आय दो हजार रुपए महीना यानी प्रतिदिन 70 रुपए से कम है। सोचें, बिहार के तीन में से दो व्यक्ति 70 रुपए रोज से कम आय वाले हैं! जिस बिहार के बारे में यह धारणा बनी है या बनाई गई है कि वहां से बड़ी संख्या में आईएएस-आईपीएस बनते हैं या आईआईटी-आईआईएम में जाते हैं वहां सिर्फ सात फीसदी लोग ग्रेजुएट हैं और महज एक फीसदी लोगों ने पोस्ट ग्रेजुएट तक पढ़ाई की है। कुल 13 करोड़ की आबादी वाले बिहार में सिर्फ पांच फीसदी लोग नौकरी करते हैं। इसमें सरकारी नौकरी करने वाले शामिल हैं तो साथ ही संगठित और असंगठित निजी क्षेत्र में नौकरी करने वाले भी हैं। बिहार को लेकर यह भी एक मिथक है कि यह कृषि प्रधान प्रदेश है लेकिन सरकार द्वारा पेश किए गए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण से पता चला है कि सिर्फ सात फीसदी लोग कृषि कार्य करते हैं और चार फीसदी से कुछ कम लोग स्वरोजगार करते हैं। सबसे ज्यादा 17 फीसदी लोग मजदूरी करते हैं। सरकार ने इसमें 67 फीसदी की एक श्रेणी अलग बनाई है, जिनको गृहिणी और विद्यार्थियों की श्रेणी कहा गया है। इसका मतलब है कि इतने लोग कोई काम नहीं करते हैं। सोचें, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला सशक्तिकरण के दावों के बारे में! महिलाओं के लिए कितना कुछ करने के दावे किए जाते हैं लेकिन हकीकत यह है कि आधी आबादी का बड़ा हिस्सा गृहिणी है, जिसका मतलब यह है कि आय अर्जित करने वाला कोई काम उनके पास नहीं है। सवाल है कि जब आधी आबादी के पास कोई काम नहीं होगा तो कोई भी राज्य या देश कैसे प्रगति कर सकता है? बिहार की यह बदहाली सभी जातियों की सामूहिक बदहाली है। ऐसा नहीं है कि अगड़ी जातियां इस बदहाली से बाहर हैं। बिहार में हिंदू सवर्णों की चार और मुस्लिम सवर्णों की तीन जातियां हैं।

# नशीले पदार्थों को रोकने के लिए सभी विभाग पहल करें: जिला कलेक्टर डॉ. किरण पाटिल

**मुंबई हलचल/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** जिन इलाकों में नशीले पदार्थों की बिक्री अधिक हो वहां संबंधित विभाग को समय-समय पर निरीक्षण करना चाहिए।सभी विभाग नशा मुक्ति केंद्र के साथ समन्वय स्थापित कर इस सामाजिक समस्या पर अंकुश लगाने की पहल करें. इस तरह के निर्देश जिल्हाधिकारी डॉ. किरण पाटील ने दिए है। नशीली पदार्थ को उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए आज जिला कलेक्टर कार्यालय में जिला स्तरीय नशा विरोधी कार्रवाई समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस अवसर



पर रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर सुरेश थोराट, स्थानीय अपराध शाखा पुलिस निरीक्षक अशोक लांडे, जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी मनोज ढगे, समिति के अधिकारी और सदस्य उपस्थित थे. जिला कलेक्टर डॉ. पाटिल ने पिछले समय में जिले में चलाए गए नशा विरोधी अभियान की जानकारी ली. नशीली पदार्थ का सेवन मुख्य रूप से युवा वर्ग करते हैं। इससे एक पीढ़ी का नुकसान होगा। चूंकि नशीली दवाओं का दुरुपयोग समाज के विभिन्न वर्गों को प्रभावित करता है, इसलिए इसके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। गांजा की तस्करी की जांच के लिए अन्य राज्यों और जिलों से आने वाली सड़कों पर चेकपॉइंट स्थापित किए जाने चाहिए। निर्जन स्थान, बगीचे, खाली कारखाने जैसी जगहों का उपयोग मुख्य रूप से नशीली दवाओं के सेवन के लिए किया जाता है। पुलिस को ऐसे स्थानों पर नियमित रूप से गश्त करनी चाहिए।

## बुलढाणा में गुरु-शिष्य का रिश्ता हुआ शर्मसार

# जिला परिषद के शिक्षक ने 13 वर्षीय छात्रा से किया दुष्कर्म, आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/अशफाक युसुफ**

**बुलडाणा** शहर से शिक्षण पेशे को कलंकित करने वाली एक घटना सामने आई है। जिला परिषद स्कूल के एक शिक्षक ने 13 साल की लड़की से बलात्कार किया, पीड़िता पिछले साल तक आरोपी शिक्षक शिक्षक की छात्रा थी। फिलहाल पीड़ित लड़की बुलडाणा शहर के एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है। इस बीच 6 नवंबर की शाम को पीड़ित लड़की ने बुलडाणा शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपि की बोलेरो कार भी जब्त कर ली गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सतीश विक्रम मोरे (41) मोताला पंचायत समिति के अंतर्गत एक स्कूल में शिक्षक है। पीड़ित छात्र पिछले साल तक उसी स्कूल का छात्र था जहां वह शिक्षक है। चूँकि गाँव में आगे की शिक्षा की कोई सुविधा नहीं है, इसलिए वर्तमान में पीड़ित छात्रा बुलडाणा शहर की एक हॉस्टल में रह रही है। और शहर के एक स्कूल में पढ़ रही है। पीड़ित लड़की के साथ राजूर घाट के शीर्ष पर बलात्कार किया गया आरोपी सतीश मोरे बुलडाणा शहर का रहने वाला है। उसे पता था कि लड़की बुलडाणा शहर के एक हॉस्टल में पढ़ रही है। 16 सितंबर को पीड़िता अपने स्कूल जा रही थी। उसी समय



सुबह करीब 11 बजे सतीश मोरे बोलेरो कार लेकर उसी रास्ते पर आये। लड़की को रोककर उससे पूछताछ की और यह कहकर कार में बैठा लिया कि मैं तुम्हें स्कूल छोड़ दूंगा। लेकिन कार स्कूल के पास टीचर ने कार नहीं रोकी। उसने छात्रा से आगे कहा, मेरे पास स्कूल के एक कार्यक्रम के दौरान कपड़े बदलते हुए तुम्हारी तस्वीरें हैं, मैं उन्हें तुमको दिखाना चाहता हूं, सतीश मोरे ने कार को सीधे मलकापुर रोड पर राजूर घाट के ऊपर ले गया। वहां कार पार्क करने के बाद सतीश मोरे पीछे की सीट पर आकर बैठ गया। उसने पीड़ित लड़की को धमकी दी कि वह तुम्हारी तस्वीरें वायरल कर देगा, तुम्हारे स्कूल के बच्चों को दिखा देगा, तुम्हें बदनाम कर देगा। अगर तुम ऐसा नहीं करना चाहते तो मैं जो कहता हूं वह करो, उसने कार में लड़की के साथ यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि लड़की ने चिल्लाकर विरोध करने की कोशिश की, लेकिन कार की खिड़की बंद थी। इस घटना के बाद टीचर पीड़ित लड़की को अपने हॉस्टल के पास ले आया और घटना के बारे में किसी को बताने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उसी दिन लड़की की तबीयत खराब हो गई और वह स्कूल न जाकर हॉस्टल में ही रह गई।इसी बीच 5 दिन बाद सुरेश मोरे पीड़ित लड़की से उसकी टीचिंग क्लास के पास पहुंचा। शिकायत में बताया गया है कि इस तरह की हरकत अब तक तीन बार हो चुकी है, फोटो दोबारा वायरल करने की धमकी देकर वे उसे कार में बैठाकर सुनसान जगह पर ले गए।

इस डर से कि उसे जीवन भर यह सब सहना पड़ेगा, पीड़ित लड़की कल अपनी मां के साथ आई और बुलडाणा शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की बोलेरो कार भी पुलिस ने जब्त कर ली है। इस मामले की जांच थानेदार प्रहलाद काटकर के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक नीलेश लोधी कर रहे हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# शिंदे गुट की शिवसेना द्वारा किया गया मध्यवर्ती शाखा का भूमिपूजन

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** शिंदे गुट की शिवसेना मध्यवर्ती शाखा का भूमिपूजन का कार्यक्रम गत 7 नवंबर मंगलवार को संपन्न हुआ इस मध्यवर्ती शिवसेना शाखा के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान शिंदे गुट शिवसेना के राजन किने ने जानकारी देते हुए बताया की मित्तल ग्राउंड स्थित शिवसेना मध्यवर्ती शाखा को वर्ष 2000 में शिवसेना के सम्राट आनंद दिघे द्वारा निर्माण किया गया था लेकिन उसके बाद खस्ता हालत में चल रही शाखा को हमारी ओर से बेहतर बनाया जाएगा जिसकी निर्माण कार्य का प्रारंभ भूमिपूजन के बाद से शुरू कर दिया जाएगा और लगभग दो महीने के भीतर ही शिवसेना शाखा को मुंब्रा शहर की जनता के लिए तैयार किया जाएगा जिसका उद्घाटन नए वर्ष में महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कल्याण लोकसभा सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे के हाथों किया जाएगा उन्होंने बताया यह शाखा का उद्घाटन के बाद मुंब्रा शहर की जनता की तमाम समस्याएं का निवारण किया जाएगा और दो महीने में एक बार राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का दरबार लगेगा जिसमें वह लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उन्हें जल्द हल



किया जाएगा राजन किने ने विधायक जितेंद्र अवार्ड पर तंज करते हुए कहा की राज्य सरकार की ओर से जो निधि लानी चाहिए थी या जो कार्य करना चाहिए था वह नहीं किए गए शिंदे गुट कि शिवसेना द्वारा 100 करोड़ की निधि मुंब्रा शहर वासियों के लिए दी गई जिसका निर्माणकार्य चल रहा है विधायक ने तो मुंब्रा को बेबसी की कगार पर छोड़ दिया उन्होंने कहा वर्ष 2009 के बाद मुंब्रा शहर में नशा फल फूल रहा है और विधायक ने मुंब्रा शहर की नौजवान पीढ़ी को नशा मुक्ति केंद्र ही सौगात में दिया है जिसके बाद उनके माता-पिता पर क्या गुजरती है यह उनके दिल से ही पूछो उन्होंने बताया कि हमारा यह पहला लक्ष्य है की मुंब्रा शहर को किस तरह से नशा मुक्त किया जाए इस पर विचार किया जा रहा है और बहुत जल्दी नशे पर हमारे शिवसेना पार्टी की तरफ से रणनीति तय की जाएगी कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगें द्वारा अपनी बात रखते हुए बताया की मध्यवर्ती शाखा को आनंद दिघे द्वारा निर्माण किया गया था और आज शिंदे गुट की शिवसेना की ओर से मध्यवर्ती शाखा को दो महीने के भीतर बेहतर बनाया जाएगा उन्होंने बताया की शिंदे गुट की शिवसेना राज्य की मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में तमाम कार्य किए जाएंगे फिलहाल विकास कार्य मुंब्रा में कल्याण लोकसभा सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है और आगे भी विकास का कार्य जारी रहेगा जिससे मुंब्रा शहर की जनता को लाभ मिले फिलहाल इस भूमि पूजन के कार्यक्रम में शिंदे गुट शिवसेना की राजन किने, मोरेश्वर किने, अनीता किने, रिदा रशीद, उमेश पाटील, युवा नेता कारण किने, मुबीन सुर्वे, आजाद चौगले, महेश किने, सहित बड़ी संख्या में शिवसेना की तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे करेंगे हज हाउस का उद्घाटन

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**ठाणे।** मुस्लिम समुदाय के लोगों को हज की सुविधा को लेकर महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर में निर्मित हज हाउस का उद्घाटन जल्द ही अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री अब्दुल सत्तार की उपस्थिति में महाराष्ट्र राज्य की मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे करेंगे यह जानकारी हज कमेटी के सदस्य बबलू दादूभाई शेख ने दी है राज्य में आघाड़ी सरकार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चौहान ने औरंगाबाद में हज हाउस के निर्माण का फैसला लिया था हज हाउस का निर्माण कार्य पिछले काफी समय पहले हो चुका है, लेकिन अभी तक उद्घाटन नहीं हुआ जिसको लेकर एमआईएम पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष और औरंगाबाद सांसद इम्तियाज जलील सहित



हज कमेटी के सदस्य बबलू दादू भाई शेख

अन्य लोग आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने चेतावनी दी है यदि 30 नवंबर गुरुवार तक उद्घाटन नहीं किया गया तो भयंकर आंदोलन किया जाएगा महाराष्ट्र शासन की हज कमेटी सदस्य बबलू दादू भाई शेख ने



कहा 100 करोड़ खर्च कर भव्य दिव्य हाईटेक हज हाउस का निर्माण किया गया है इसका फायदा समाज के लोगों को मिलेगा इसका उद्घाटन बहुत जल्द ही महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री अब्दुल सत्तार की उपस्थिति में किया जाएगा।

# विवाद निपटाने गए व्यक्ति पर किया धारदार हथियार से हमला, मुंब्रा पुलिस स्टेशन द्वारा किया गया मामला दर्ज

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** आपस में दो व्यक्ति द्वारा हुई भिड़ंत मामला सुलझाने गए व्यक्ति पर धारदार हथियार चाकू से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार फरियादी हसन उमर जरीवाला वर्ष 41 रहवासी मुंब्रा का बताया जा रहा है गत 5 नवंबर रविवार रात 12:10 बजे अफान सैयद और आरोपी फैय्याज असलम शेख में मुंब्रा रेलवे स्टेशन के समीप बाजार रोड में मौजूद सेंट जॉन स्कूल के पास दोनों में मारामारी चल रही थी तभी उस समय सोहेल अब्बास मोमिन इन दोनों व्यक्तियों की विवाद निपटने के लिए गए थे तभी अक्रोषित होने के कारण आरोपी फैय्याज शेख ने सोहेल मोमिन पर जानलेवा हमला करते हुए चाकू से उनके पेट और गाल पर हमला कर जान से मारने की कोशिश की घायल अवस्था में सोहेल अब्बास मोमिन को उपचार हेतु के लिए मुंबई के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है फिलहाल आरोपी फैय्याज वहां से फरार हो गया जिसकी तलाश मुंब्रा पुलिस द्वारा की जा रही है इस प्राण घातक हमले के मामले में फरियादी हसन उमर जरीवाला की शिकायत पर गुः रजिं:नं:1180/2023 भारतीय दंड संहिता कलाम की धारा 307,506 (2) आर्म्स एक्ट कलाम की धारा 4(25) के तहत आरोपी को विरुद्ध में मामला दर्ज कर लिया गया है आगे इस पूरे मामले की छानबीन मुंब्रा पुलिस स्टेशन के पुलिस उप निरीक्षक चौहान द्वारा की जा रही है और फरार आरोपी फैय्याज असलम शेख की तलाश सरगर्मी से मुंब्रा पुलिस द्वारा की जा रही है।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई पुलिस ने दर्ज किया महादेव ऐप के मालिकों सहित अन्य के खिलाफ मामला

दरअसल सौरभ और रवि ने महादेव एप की सफलता के बाद तकरीबन आधा दर्जन एप बाजार में लांच किया था। जिसमें से एक खिलाड़ी ऐप है। जिसको लेकर अब मुंबई पुलिस ने शिकायत दर्ज की है। मुंबई माटुंगा के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश बनकर ने इस मामले को लेकर कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिसके आदेश के बाद बनकर की शिकायत पर माटुंगा पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज किया गया है। पुलिस शिकायत के अनुसार ऐप के प्रमोटरों और अन्य आरोपियों ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर विज्ञापन प्रसारित किए और लोगों को क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस, कैसीनो, तीन पत्ती आदि जैसे विभिन्न खेलों पर दांव लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने भारत और विदेश में होटलों, संपत्तियों और अन्य व्यवसायों में भारी पैसा निवेश किया है। मुंबई पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं में 32 आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। जिनमें से कुछ दुबई, लंदन, छत्तीसगढ़, पंजाब, पश्चिम बंगाल और गुजरात से हैं। उन पर आईपीसी की धारा 420, 465, 467, 468 और 120 बी के अलावा महाराष्ट्र जुआ रोकथाम अधिनियम की धारा 12 (ए) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 सी और 66 एफ के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। धारा 66 एफ का मतलब साइबर आतंकवाद है। ईडी महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच कर रही है। एजेंसी ने इस मामले में पूछताछ के लिए अभिनेता रणबीर कपूर, हुमा कुरैशी और हिना खान और कॉमेडियन कपिल शर्मा को बुलाया था। ईडी ऐप के प्रचार के लिए अभिनेताओं को मिले भुगतान के बारे में पूछताछ करना चाहती थी। अभिनेताओं ने एजेंसी के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा है। अब मुंबई में दर्ज नई शिकायत के बाद उन सभी के लिए मुश्किल बढ़ सकती है।

### मुंबई में अश्लील वीडियो और लाइव स्ट्रीमिंग का पर्दाफाश

जिस पर अब मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वसोर्वा पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में 20 और 34 साल की दो महिलाओं के साथ 27 साल का एक युवक भी शामिल है। इन तीनों को अपने प्रशंसकों के लिए ऐप पर अश्लील वीडियो अपलोड करते हुए पाया गया है, जिसके तहत अब उन्हें जेल की हवा खानी पड़ेगी। पुलिस को सूत्रों से जानकारी मिली थी कि अंधेरी वेस्ट से अश्लील वीडियो बनाए जा रहे हैं। इसके बाद आगे की जांच में उन्हें ऐप के बारे में भी जानकारी मिली। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने अंधेरी वेस्ट के चार बंगलों पर छापेमारी की। उस वक्त यहां मौजूद तीन कलाकारों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने कहा है कि गिरफ्तार तीनों सिर्फ एक्टर हैं। ऐसे में हम अभी भी ऐप के मालिकों की तलाश कर रहे हैं। उक्त ऐप को गूगल प्ले स्टोर के साथ-साथ एप्पल स्टोर से भी हटा दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। इस घटना से संबंधित इलाके में सनसनी मच गई है।

### ग्राम पंचायत चुनाव में मिली शिकस्त के बाद एक्शन मोड में उद्धव ठाकरे

ऐसा दावा किया जा रहा है कि शरद पवार और उद्धव के बीच हुई बैठक में आगामी चुनावी रणनीतियों को लेकर चर्चा की गई क्योंकि डेढ़ घंटे तक पवार और उद्धव बंद कमरे में बैठक करते रहे। वहीं, युति गठबंधन की मानें तो ग्राम पंचायत चुनाव में जीत के बाद जल्द ही आगामी महानगरपालिका चुनाव पर सरकार और चुनाव आयोग फैसला ले सकता है जोकि उद्धव की राजनीति के लिए निर्णायक साबित होगा क्योंकि 14 महानगर पालिकाओं में मुंबई भी शामिल है, जिसपर 3 दशक से उद्धव की शिवसेना का कब्जा है। सूत्रों की मानें तो इन्हीं विषयों पर चर्चा संभव है।

### नवी मुंबई में 17 वर्षीय लड़की द्वारा चलाया जा रहे देह-व्यापार रैकेट का भंडाफोड़

उन्होंने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि मुंबई के मलाड की रहने वाली आरोपी लड़की देह-व्यापार के धंधे से प्राप्त धन का कुछ हिस्सा पीड़ितों को देती थी और बाकी अपने पास रखती थी। होटल में छापेमारी के बाद, पुलिस ने लगभग 20 वर्षीय चार महिलाओं को बचाया। अधिकारी ने बताया कि दो महिलाएं बिहार की और एक महिला नेपाल की रहने वाली है। उन्हें पुनर्वास गृह भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक मोबाइल फोन, एक घड़ी और कुल 84,030 रुपये की नकदी के अलावा डेढ़ लाख रुपये से अधिक मूल्य के जाली नोट भी जब्त किए। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 370 (किसी व्यक्ति को गुलाम के रूप में खरीदना) और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम-1956 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।





➔ भारतीय जनता पार्टी, बेटी बचाओ बेटी पढाओ संकल्पना को ध्यान मे रखके, दीपावली के शुभ अवसरपर हर घर रंगोली प्रतियोगीता घोषित की है। मुंबई के चर्चगेट स्टेशन पर प्रतियोगीता का औपचारिक शुभारंभ केंद्रीय रेल राज्यमंत्री महाराष्ट्र के जमिनी नेता, मा. रावसाहेब दानवे पाटील जी कर कामलोद्वारा संपन्न हुआ। बेटी बाचाओ बेटी पढाओ महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक डा. शुभा पाध्ये और मुंबई संयोजक प्रा. आरती पुगावकर, तथा मुंबई भाजपा महामंत्री संजय उपाध्याय जी ने मा. मंत्री महोदय जी का स्वागत किया। शैलेश घेडिया, विनय त्रिपाठी, जनक संघवी जी के साथ अन्य पदाधिकारियोने कार्यक्रम सफल करने हेतू परिश्रम लिये। यातायात करने वाले सभी प्रवासीगण रंगोली की तारीफ कर, फोटो भी खिच राहे थे। आरती पुगावकर ने सभी को मिठाई खिलकर धन्यवाद दिये और दीपावली की शुभकामनाए दी।

## साइबर अपराध को लेकर छात्र–छात्राओं को किया जागरुक, पत्र देकर किया सम्मानित

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**प्रयागराज।** अपर पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक, कमिश्नर पुलिस आयुक्त रमित शर्मा एडीसीपी यातायात व साइबर अपराध के आदेश क्रम में संतोष कुमार श्रीवास्तव सचिव जिला अपराध निरोधक समिति अंकित सिंह नोडल अधिकारी सर्किल सोरांव के निर्देशन में तथा कुलदीप सिंह प्रधानाचार्य डी. बी. एस. कॉलेज आदमपुर, के नेतृत्व में बुधवार को साइबर एवं यातायात जागरूकता और मिशन शक्ति का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान थाना नवाबगंज मिशन शक्ति टीम के उपनिरीक्षक, आरक्षी, साइबर यातायात टीम के उपनिरीक्षक, आरक्षी और डी.सी. पी.सी टीम के पदाधिकारी, सदस्यगण, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक शिक्षिका सहित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों-बच्चियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह निर्देश में नवाबगंज से उपनिरीक्षक कंबोध सिंह, उपनिरीक्षक अनुराग कुमार जायसवाल, कां० अंकित कुमार, मिशन शक्ति हिमांशी मिश्रा, कांस्टेबल दीक्षा परासर, लक्ष्मी साइबर टीम से उपनिरीक्षक अनुज तिवारी, साइबर क्राइम ऑफिसर जय प्रकाश सिंह यातायात टीमसे उपनिरीक्षक इंद्र पाल वर्मा जिला अपराध निरोधक समिति से पर्यवेक्षक अजीत सिन्हा, सर्किल प्रभारी सोरांव अंकित सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी राम रूप, नरेंद्र कुमार, कमेटी प्रभारी होलागढ़ छविनाथ शुक्ला, क्षेत्रीय प्रभारी होलागढ़ शिव शंकर, रोहित सिंह, संदीप सोनी ,नितीश शुक्ल सहित, सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी कक्षा 6 से 12 तक के छात्र- छात्राएं आदि शामिल रहे।








# बिना पैन-आधार के आप कितना गोल्ड खरीद सकते हैं? जान लीजिए नियम

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दिवाली पर गोल्ड खरीदने जा रहे हैं तो थोड़ा सावधानी से। दिवाली पर हम शुभ चिन्ह के तौर पर सोना खरीदते हैं, ऊपर से शादियों का मौसम चल रहा है, ऐसे में बड़ी संख्या में आभूषणों की खरीदारी होगी, लेकिन ऐसे में इनकम टैक्स और दूसरे सरकारी नियमों का पता भी होना चाहिए।


- सरकार ने काले धन के इस्तेमाल पर रोक लगाने उठाया कदम

दरअसल, गोल्ड खरीदने और रखने पर कुछ ऐसे जरूरी नियम हैं, जिनका उल्लंघन करने पर आप बड़ी मुसीबत में पड़ सकते हैं, टैक्स अथॉरिटी की नजर में आ सकते हैं। गोल्ड खरीदने जाने पर आपसे पैन कार्ड, या ऐसा ही केआईसी डॉक्यूमेंट मांगा जा सकता है। देश में कुछ-कुछ ट्रांजैक्शंस के लिए पैन कार्ड दिखाना अनिवार्य किया गया है, ताकि काले धन के इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सके।

## दो लाख से ऊपर का सोना खरीदने पर आपको पैन दिखाना पड़ेगा

### कैश में कितना गोल्ड खरीद सकते हैं?

इसके साथ ही ये जानना जरूरी है कि आप 2 लाख रुपए तक का गोल्ड ही कैश से खरीद सकते हैं। इसके ऊपर की कीमत का गोल्ड खरीदने पर आपको पैन कार्ड के साथ इसकी पेमेंट कार्ड या चेक के जरिए करनी होगी। और जहां तक कैश लेन-देन की बात है, इनकम टैक्स एक्ट का सेक्शन है, 269एसटी।



### पहले 5 लाख के ऊपर गोल्ड खरीदने पर पैन का था प्रावधान

अगर आप 2 लाख या इसके ऊपर के वैल्यू का सोना खरीदते हैं तो आपको पैन दिखाना पड़ेगा। इनकम टैक्स नियम के सेक्शन 114बी के तहत देश में ये नियम है। 1 जनवरी, 2016 के पहले 5 लाख के ऊपर के गोल्ड परचेज़ पर पैन दिखाने का प्रावधान था।

### नियम तोड़ने पर लगेगी पेनाल्टी

इसके तहत आप एक दिन में 2 लाख से ज्यादा का ट्रांजैक्शन नहीं कर सकते, तो बेसिकली आप 2 लाख से ऊपर कैश देकर गोल्ड खरीदेंगे, तो आप नियम तोड़ रहे होंगे। और इसपर पेनाल्टी भी लगती है, जोकि कैश लेने वाले पर लगती है।

### कौन कितना गोल्ड खरीद सकते हैं

एक शादीशुदा महिला अपने पास 500 ग्राम तक गोल्ड रख सकती है। गैर शादीशुदा महिला अपने पास 250 ग्राम तक गोल्ड रख सकती है। एक पुरुष अपने पास 100 ग्राम तक गोल्ड रख सकता है। आप इससे ऊपर के लिमिट में भी गोल्ड रख सकते हैं, लेकिन आपके पास इसका जवाब होना चाहिए कि आपके पास यह गोल्ड कहां से आया है।

## मानव तस्करी के मामलों में एनआईए की देश भर में बड़ी कार्रवाई

# तस्कर को दबोचा फिर 10 राज्यों के 55 ठिकानों पर की छापेमारी, 44 गिरफ्तार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

मानव तस्करी एक गंभीर और घिनौना अपराध है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को मानव तस्करी के मामलों में 10 राज्यों में 55 ठिकानों पर छापेमारी की है। 44 लोगों को गिरफ्तार भी किया। इन राज्यों में त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, पुडुचेरी, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। ये छापेमारी संदिग्धों के आवासीय परिसरों और अन्य स्थानों पर देर रात तक चलती रही। एनआईए की कई टीमों ने अपराध में शामिल संदिग्धों के खिलाफ विशिष्ट जानकारी के आधार पर मंगलवार तड़के ये कार्रवाई शुरू की। पिछले महीने बेंगलुरु से एनआईए की एक टीम ने श्रीलंकाई मानव तस्करी मामले में तमिलनाडु से एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया था।

### इन राज्यों में हुई छापामारी

- त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, पुडुचेरी, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर
- आरोपी इमरान खान ने बाकी के साथ मिलकर श्रीलंकाई नागरिकों की बेंगलुरु और मंगलुरु में विभिन्न स्थानों पर तस्करी की




### 5 के खिलाफ आरोप

एनआईए ने पांच भारतीय आरोपियों- दिनाकरण उर्फ अय्या, कासी विश्वनाथन, रसूल, साथम उशेन और अब्दुल मुहीतु के खिलाफ अक्टूबर 2021 में प्रारंभिक आरोप पत्र किया था। इस साल अक्टूबर के अंत तक कुल 13 संदिग्धों पर आरोप लगाए गए थे।

### 4 दर्जन से ज्यादा जगहों पर छापेमारी

एनआईए सूत्रों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय संपर्क वाले मानव तस्करों के रैकेट का पता लगाने के लिए एनआईए के अधिकारियों द्वारा इन 10 राज्यों में चार दर्जन से अधिक स्थानों की तलाशी ली जा रही है। पिछले महीने बेंगलुरु से एनआईए की एक टीम ने श्रीलंकाई मानव तस्करी मामले में तमिलनाडु से एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया था।आरोपी की पहचान इमरान खान के रूप में हुई है। उसने बाकी के साथ मिलकर श्रीलंकाई नागरिकों की बेंगलुरु और मंगलुरु में विभिन्न स्थानों पर तस्करी की। संघीय एजेंसी ने इसके अंतरराष्ट्रीय आयामों को देखते हुए मामले को स्थानीय पुलिस से अपने हाथ में ले लिया था।

# जलगांव में ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन स्कूल का शानदार हुआ उद्घाटन

**मुंबई हलचल/ शोएब म्यानुंर**

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में सुप्रीम कॉलोनी में स्कूल नंबर 11 ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन स्कूल का शानदार उद्घाटन समारोह 6 नवंबर 2023 सोमवार को किया गया। इस मौके पर समस्त मेमन जमात जलगांव की तरफ से मुंबई से आए हुए ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के डेलिगेशन का जलगांव स्टेशन पर शानदार स्वागत किया गया। ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन स्कूल का उद्घाटन ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर के हाथों रिबीन काट कर स्कूल का उद्घाटन किया गया। प्रोग्राम का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से किया गया। बाद आए हुए महेमानों ने अपने अपने तासुरात पेस किए। इस मौके पर मुख्य महेमानों में जलगांव के नगर सेवक कॉरपोरेटर प्रशांत नाइक, ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के सेक्रेटरी अब्दुल अजीज भाई मच्छिवाला, जोइंट सेक्रेटरी युसुफ भाई मलकानी, एप्लिफ्टमेंट चैयरमेन साकीर भाई बाटलीवाला, महिला वींग के नशीमा बाई सुरती, शेरबानुं गुल्लर, कादर भाई टिक्की, सकील भाई टिक्की, युथ वींग कॉर्डिनेटर साहील टिक्की, प्रोफेसर सज्जाद एहमद हैदराबाद, अब्दुल मजीद बीबा, गनी भाई बीबा, गुलाम मिठु परभनी, हुसैन भाई बीबा, आशीफ भाई विछी, साकीर भाई चित्तलवाला, सलीम वाघाडीया समीर टिक्की, अन्सार हिंगोरा, जाफर नागवदरिया, परवेज बिबा, शकील टिक्की, कादर भाई रानानी, वसीम रानानी, बशीर रानानी, के साथ साथ जलगांव शहर और आसपास के कई नामी गिरामी सख्सियात मौजूद रहे। इकबाल मेमन ऑफिसर ने स्कूल के टीचर को बताया कि स्कूल में बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी एक टीचर की होती है और बच्चा जब पढ़ लिखकर कुछ बन जाता है तो सबसे पहले अपने टीचर को याद करता है की टीचर ने मुझे पढ़ाया और आज मैं यहां तक पहुंचा। आगे उन्होंने टीचर को बताया कि अब आपकी जिम्मेदारी है की आप बच्चों को किस तरहां पढ़ाते हैं बच्चों की पढ़ाई की एक अच्छी क्वालिटी एक टीचर ही ला सकता है। साथ में बच्चों के पेरेंट्स को भी बताया की मां बाप की भी जिम्मेदारी होती है अपने बच्चों को अच्छी तालीम देना अच्छा सिखाना, वहीं प्रोफेसर सज्जाद अहमद ने बताया की मुझे खुशी है की आज ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन की तरफ से समस्त जलगांव मेमन जमात के सहयोग से ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन स्कूल बनवाई गई और इसमें जरुरतमंद बच्चों को पढ़ाया जा रहा है मेमन जमात ने अगर स्कूल ना बनवाई होती तो यह बच्चे सड़कों पर भटकते हुए नजर आते यां गलत कामों को अंजाम देते नजर आते। लेकिन आपकी जमात ने स्कूल बनवाकर इसमें जरुरतमंद बच्चों को पढ़ाने का जो सारहना काम को अंजाम दिया है जिसके बदले मुझे खुशी हुई और बच्चे जब बड़े होकर कुछ बन जाएंगे तो आपकी जमात को दुआ देंगे।



उत्तराखंड हलचल

# एचएनबी गढ़वाल विवि के 11वें दीक्षांत समारोह मे शामिल हुई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**




**गढ़वाल।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (श्रीनगर) के 11वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए कुल 59 दीक्षार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। राष्ट्रपति ने उपाधि और मेडल प्राप्त करने वाले सभी दीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनको राष्ट्र निर्माण और समाज निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करना है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और संस्थान से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष, जुड़े हुए शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे शिक्षा को समाज से जोड़ने का काम करें जिससे समाज के अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सके। दीक्षार्थियों को उपाधि प्रदान करते समय महामहिम राष्ट्रपति ने सभी दीक्षार्थियों को तीन प्रतिज्ञा लेने का आह्वान किया। उन्होंने प्रतिज्ञा दिलाई की जीवन में जिनकी बदौलत आप आगे बढ़े हैं उनका उनके योगदान को नहीं भूलना चाहिए। दूसरा, अपने नैतिक मूल्यों से कभी भी समझौता नहीं करना चाहिए। तीसरी जो जीवन में शिक्षा प्राप्त की है उसमें समाज का बड़ा योगदान होता है, इसलिए विकास की मुख्यधारा से जो लोग अभी तक वंचित है उनको भी विकास की मुख्यधारा में शामिल करने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने हमेशा ही शिक्षा और ज्ञान को अधिक महत्व दिया है।

राष्ट्रपति ने इस दौरानू अपने संबोधन में उत्तराखंडू ज्ञान, विज्ञान विवेकवान और शौर्य की भूमि बताते हुए कहा कि इस देवभूमि से अनेक प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्व ने जन्म लिया है जिन्होंने देश- दुनिया का मार्गदर्शन किया। उन्होंने सृष्टि लखेड़ा द्वारा निर्मित एक था गांव डॉक्युमेंट्री को नेशनल सिनेमा अवार्ड प्राप्त करने की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि साहित्य के क्षेत्र में भी यहां की अनेक विभूतियों ने हिंदी साहित्य को गौरवान्वित किया है। जिसमें सुमित्रानंदन पंत, मंगेश डबराल, शिवानी, भक्तदर्शन आदि लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राष्ट्रपति ने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा में भी उत्तराखंड के योगदान की की। उन्होंने उत्तराखंड की पर्यावरणीय सेवा और यहां के स्वच्छ जल स्त्रोत जो मैदानी क्षेत्र के मानव और वन्यजीव सहित वनस्पतियों को जीवन प्रदान करते हैं का महत्व भी बताया। राष्ट्रपति ने स्थानीय सरकार द्वारा रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि) ने उपाधि और मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से वे अपने जीवन के आगे की और बहुत महत्वपूर्ण यात्रा की एक शुरूआत कर रहे हैं। उन्होंने कही कि दीक्षांत पढ़ाई का अंत नहीं है बल्कि सततं शैक्षणिक जीवन की यात्रा का एक पड़ाव है। शिक्षा एक अंतहीन यात्रा के समान है जो जीवन पर्यंत चलती रहती है आप अपना लक्ष्य महान रखिए उमंग, उत्साह और ऊर्जा के स्त्रोतों से हमेशा जुड़े रहिए और कभी हार मत मानिए सफलता आपकी अवश्य मिलेगी। राज्यपाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप ऐसे समय में समाज में अपना योगदान देने जा रहे हैं जब हम आजादी के अमृतु काल में विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु भारत बनने के महान संकल्प के सा रहे हैं। हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का है, जिसको प्राप्त करने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य. सरकार हमारे सभी राजकीय विश्वविद्यालयों में नवाचार और तकनीक के संगम को बढ़ावा देने के साथ-साथ पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त तंत्र विकसित कर रही है। जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। हमारे सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षण प्रशिक्षण एवं शोध परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्देशन में विश्वविद्यालयों महाविद्यालयों शिक्षण एवं शोध संस्थानों में अतुलनीय कार्य हो रहा विश्वविद्यालय के निर्माण में स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीनगर की यह धरती एक ऐतिहासिक धरती रही है। यहाँ देवताओं के पवित्र मंदिर है, वीरों, की महान गाथाएँ हैं तो साथ ही वर्तमान सदी में यह नगर विद्युत परियोजनाओं के एक बड़े केंद्र होने के साथ साथ एनआईटी और अर्ध सैनिक बलों के प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र भी एक प्रकार से श्रीनगर गढ़वाल उत्तराखण्ड की प्रगति का एक आधार केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को हेमवती नँदन गढ़वाल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह और विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में ज्ञान की अविरल गंगा को प्रवाहित करने वाले इस संस्थान में उपस्थित होकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने हिमालय पुत्र स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा का स्मरण करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय उनकी विकासवादी सोच का परिणाम। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दीक्षांत समारोह की 'सशक्त महिला, समृद्ध भारत' रखी गई है। जिसका स्पष्ट उदाहरण आज इस दीक्षां समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी हैं। उनका जीवन, शुरूआती संघर्ष, समृद्ध सेवा और अनुकरणीय सफलता प्रत्येक भारतीय की प्रेरित करता है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति की जीवटता और समर्पण शक्ति को नमन करते हुए कहा कि, वे सही अर्थों में महिला सशक्तिकरण का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि कभी भी जीवन में तनाव न लें।

उन्होंने कहा कि जब भी युवाओं के साथ उन्हें संवाद करने का अवसर मिलता है, तो वे राज्य सरकार के "सर्वश्रेष्ठ उत्तराखण्ड ' ' निर्माण के अपने 'विकल्प रहित संकल्प" को दोहराते हैं। सभी को सर्वश्रेष्ठ उत्तराखण्ड ड्ट निर्माण में अपनी सहभाग सुनिश्चित करनी है। आगामी वर्षों में उत्तराखंड देश का सबसे समृद्धशाली और सशक्त राज्य हो, इस भावना के साथ हम सभी को साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सबके सहयोग से उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। इस दौरान दीक्षांत समारोह में विधायक देवप्रयाग विनोद कंडारी व विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, कुलाधिपति गढ़वाल विश्वविद्यालय डॉ. योगेंद्र नारायण, कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल स उपाधि प्राप्त करने वाले शिक्षार्थी, उनके अभिभावक हेमवती नंदन गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षकगण तथा जनमानस उपस्थित था।

# हिट हुआ पशुपालन विभाग का सेल्फी विद पेट अभियान

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** पशुपालन निदेशालय मोथरोवाला के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में विभागीय मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा पशुपालन विभाग के तत्वावधान में चलाई गयी सेल्फी विद पेट प्रतियोगिता के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सेल्फी विथ पेट पशुपालन विभाग का जनमानस को पालतू पशुओं के प्रति प्रेम करने हेतु जागृत करने का एक अभिनव प्रयोग है। इस प्रतियोगिता में दिनांक 7 जुलाई 2023 से दिनांक 10 अगस्त 2023 तक उत्तराखंड के समस्त निवासियों से अपने पालतू जानवर के साथ खींची गयी एक सेल्फी, कहानी के साथ विभाग के किसी भी सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करने का अनुरोध किया गया था। प्राप्त प्रविष्टियों का सचिव पशुपालन विभाग की अध्यक्षता में गठित एक समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया। इस प्रकार प्राप्त कुल 25 प्रविष्टियों में से दीक्षय वर्मा निवासी हल्द्वानी को प्रथम, कुमारी मेघना




निवासी नैनीताल को द्वितीय एवं मनोहर कन्याल डीडीहाट, पिथौरागढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम पुरुस्कार के रूप में 50000.00 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, द्वितीय पुरस्कार के रूप में रुपये 30000.00 एवं एक प्रशस्ति पत्र तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में रुपये 15000.00 एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त सभी 25 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माननीय मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा अपनी पॉकेट मनी से निराश्रित पशुओं का उपचार करने वाली उत्तरकाशी निवासी कुमारी खुशी नौटियाल को रुपये 11000.00 के विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि ये बेजुबान और निराश्रित पशु भी हमारे प्रेम एवं देखभाल के हकदार हैं। यह प्रतियोगिता हमने जनमानस में पालतू एवं निराश्रित पशुओं के प्रति प्रेम एवं लगाव की भावना और अधिक मजबूत करने के लिए प्रायोजित की है। हमारा यह उद्देश्य है कि सभी लोग यह समझें कि यह पृथ्वी केवल हमारी ही नहीं अपितु सभी प्राणिमात्रों के लिए है और इस धरती पर रहने वाले प्रत्येक वित प्राणी को प्यार एवं उचित देखभाल अवश्य मिलनी चाहिए। मंत्री ने उत्तरकाशी निवासी कुमारी खुशी नौटियाल के निराश्रित पशुओं के प्रति प्रेम एवं लगाव की भावना को विशेष रूप से रेखांकित किया। मंत्री ने सभी विजेता एवं प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बधाई एवं धन्यवाद दिया।

# भगवान बद्री विशाल के दर्शन के लिए पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**उत्तराखंड।** महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आज भगवान बदरीविशाल के दर्शन को पहुंची बदरीनाथ आर्मी हैलीपेड में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल अवकाश प्राप्त गुरुमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, एवं बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने राष्ट्रपति की अगवानी की। राष्ट्रपति ने आज बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे भगवान बदरीविशाल दर्शन किये। वेदपाठ विशेष पूजा संपन्न की। उनके साथ प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल अवकाश प्राप्त गुरुमीत सिंह तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बदरीनाथ धाम दर्शन को पहुंचे। दर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री ने महामहिम राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह, मोजपत्र में लिखी भगवान बदरीविशाल की आरती भी भेंट की। बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने महामहिम राष्ट्रपति को भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया।



# 24वें साल में भी अव्यवस्थाओं से जूझता उत्तराखंड

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** उत्तराखंड को बने 23 साल आज पूरे हो गए है, वही अब उत्तराखंड 24वे साल में लग गया है।लेकिन इन 24 सालो में उत्तराखंड ने कई उतार चढ़ाव देखे। इस उत्तराखंड ने कई सरकारी देखी। लेकिन सबके सपनो का उत्तराखंड आज भी सपनो का ही है। बदहाल स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क व्यवस्ता से जूझता उत्तराखंड। इतने साल होने के बाद आज भी कैगैन ऐसे है जो आज सड़क की तलाश में है। सबसे बड़ी अवयवस्था हैं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जो आज भी सुदृढ़ गांव की परेशानी का सबब बनी हुई है। शहर तक पहुंचते पहुंचते दान तोड़ देती है गई की जिंदगियां। बेरोजगारी भी चरम पर, जिस उम्र में युवाओं को नौकरी कर अपना भविष्य तलाशना था उस उम्र में युवा सड़को में बैठ कर धरना करते दिखते है। लेकिन फिर भी आप सब राज्य वासियों को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 23वी वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं।




# टीआईटीपी कोर्स करने में सरकार देती है सब्सिडी

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**लर्नटस्किल्स** भारत सरकार एवं जापान सरकार के द्वारा संचालित साझाकार्यक्रम (TITP Technical Intern Training Program) के अंतर्गत शिक्षा प्रदान करता है। इसके अंतर्गत 18 वर्ष से 30 वर्ष तक की आयु की अभ्यर्थियों को एक साल तक विभिन्न प्रकार की शिक्षा जैसे जापानी भाषा का प्रयोग, एन5 व एन4 प्रमाण पत्र, केएर गिवर की ट्रेनिंग, साक्षात्कार के बाद जापान में 3 से 5 साल का रोजगार प्रदान किया जाता है जिसके अंतर्गत इनको 1,10000 से 1,50000 तक का प्रतिमाह वेतन प्राप्त होता है। राज्यसरकार इस कोर्स में 30000 तक की सब्सिडी प्रदान करती है लोन सुविधा भी इस कोर्स के लिए उपलब्ध है। तथा इसमें भी बैंक सब्सिडी प्रदान करता हैलर्नटस्किल अभी तक 60 से ज्यादा छात्रों को जापान भेज चुका है जिसमें से उत्तराखंड के विभिन्न शहरों से 12 बच्चे जा चुके हैं आज इसी कार्यक्रम के अंतर्गत देहरादून की दो छात्राओं रेनू सिंह और ममता सिंह रावत का चयन जापान के लिए हुआ है जिनके अभिनंदन समारोह के लिए हम सब यहां एकत्र हुए हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अजय राणा (अध्यक्ष दून प्रेस क्लब), श्री अनिल वर्मा (अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी देहरादून), श्री लखेरा जी, श्री रमेश पेटवाल (रीजनल हेड लर्नर स्किल्स), आशीसा दूंगाना, अविनाश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मुंबई में स्थित, जय हिंद कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब के प्रसंग 'साइलेंट सैटरडेझ' के चौदहवें वर्ष का पहला हफ्ता सफलतापूर्वक










**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में स्थित,जय हिंद कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब के प्रसंग 'साइलेंट सैटरडेझ' के चौदहवें वर्ष का पहला हफ्ता सफलतापूर्वक समाप्त हो चुका है। उन्होंने पहले हफ्ते में 'स्वास्थ्य' यह मुद्दा उठाया। स्वास्थ्य को मध्य नजर रखते हुए क्लब के सदस्यों ने इस हफ्ते मंगलवार और गुरुवार को घाटकोपर में स्थित जागृति नगर के बस्ती में जाकर, वहा रहने वाले परिवारों को सेहत से जुड़ी हुई जरूरी चीजें दान की ताकि वह अपने सेहत का उचित तरीके से ध्यान रख पाए। इसी हफ्ते इन छात्रों ने बस्ती में रहने वाले परिवारों को पट्टी, रोगाणुरोधक क्रीम, रूई, कपड़े की पट्टी सहित एक फर्स्ट एड किट तथा टूथब्रश, दंतमंजन और एक साबुन की टिक्की सहित एक व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए किट दान किया। क्लब के सदस्यों ने दान के समय वहा के बच्चों और उनके माता पिता के साथ कुछ वक्त भी बिताएं और बच्चों को दान की गई चीजों का महत्व भी बताया। शनिवार को क्लब



के सदस्यों ने बांद्रा में स्तिथ कार्टर रोड और बैंडस्टैंड पर एक नुक्कड़ नाटक की सहायता से आलस्य का सेहत पर होने वाले दुष्प्रभाव और उससे लड़ने के तरीकों को दर्शाया इस प्रकार उन्होंने लोगों में स्वास्थ के प्रति जागरूकता लाने का प्रयत्न किया। इसी तरह से 'साइलेंट सैटरडेझ २०२२' का पहला हफ्ता संपन्न हुआ।

दैनिक
# मुंबई हलचल
मुंबई, गुरुवार
9 नवंबर, 2023

